प्रादेशिक समाचार
01.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में वित्तीय वर्ष 2026– 27 का केन्द्रीय बजट पेश किया। बजट में देश के विकास पर 53 लाख 47 हजार 315 करोड़ रूपये खर्च होंगे। अपने बजट भाषण में केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि दे"ा में तीन नए आर्युवेदिक एम्स की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए पांच मेडिकल हब भी बनेगें।
बजट भाषण में केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि यह युवा शक्ति से प्रेरित बजट है। उन्होंने कहा कि बजट आर्थिक विकास को गति देने, नागरिकों के क्षमता निर्माण की आकांक्षाएं पूरी करने तथा सबका साथ, सबका विकास के तीन कर्तव्यों से प्रेरित है, जिसका लक्ष्य प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और सेक्टर की संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करना है। सरकार का संकल्प शोषितों और वंचितों पर ध्यान देना है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट 2026–2027 को ऐतिहासिक बताया है। श्री मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बजट देश हित में है और इससे देश के विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत रीफार्म एक्सप्रेस पर सवार है। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और यह बजट विकसित भारत के सपने का आधार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से एमएसएमई क्षेत्र को व्यापक समर्थन मिला है।

********************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज पेश हुआ केंद्रीय बजट सभी क्षेत्रों, वर्गों और नागरिकों को सशक्त बनाएगा। गृह मंत्री ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को दर्शाता है। श्री शाह ने कहा कि यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना और अगले 25 वर्षों के लिए सरकार के रोडमैप को दर्शाता है। वहीँ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बजट से ग्रामीण क्षेत्रों, गरीबों, कृषि और किसानों का भविष्य बदलने की आशा की। इधर, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बजट में कनेक्टिविटी, विनिर्माण क्षमता और क्षेत्रीय संतुलन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने बजट को समावेशी विकास और नवाचार की नींव को मजबूत करने के लिए किसानों, युवाओं और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर केंद्रित निर्णायक रोडमैप भी बताया। उधर, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बजट को विकासोन्मुखी बताया है।

********************

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय बजट के माध्यम से विकसित भारत के विकास की मजबूत नींव रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन को धन्यवाद दिया है। श्री वैष्णव ने संसद के बाहर पत्रकारों को बताया कि बजट में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण सहित विनिर्माण क्षेत्र की और विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में रेलवे के लिए नए हाई स्पीड कॉरिडोर स्थापित करने का भी प्रावधान है।

********************

झारखंड चौंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने आम बजट का स्वागत किया है। चेंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि यह बजट देश हित में है।

********************

सेंसेक्स और निफ्टी में आज दोपहर के कारोबार के दौरान  लगभग एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कुछ देर पहले सेंसेक्स 780 अंक गिरकर 81 हजार 490 और निफ्टी 276 अंक गिरकर 25 हजार 45 पर आ गया। आईटी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं को छोड़कर, अन्य सभी क्षेत्रों के सूचकांकों में गिरावट देखी गई। इनमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, धातु और तेल तथा गैस क्षेत्र पर सबसे अधिक प्रभाव रहा।

*********************

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने प्रतिबंधित खेलों और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्तता के आरोपी पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। ये सभी पुलिसकर्मी टाइगर मोबाइल और पीसीआर गश्ती में तैनात थे। श्री रंजन ने इनके निलंबन के साथ ही सभी पर विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं।

**********समाप्त**********